तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 20 नवम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सवेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में होंगी शामिल, राज्यपाल करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

# आज आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, तैयारियां पूर्ण





राष्ट्रपति के कार्यक्रम हेतु तैयार विशाल मंच व दर्शक दीर्घा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार का दिन सरगुजा के लिए ऐतिहासिक होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि आदिवासी अंचल की इस धरती पर देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आगमन होने जा रहा है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के साथ इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य केन्द्रीय और राज्य के मंत्री शामिल होंगे। राष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर दी गई है और बुधवार की शाम से ही सरगुजा छावनी में तब्दील हो गया और चप्पे चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया गया है जबकि एसपीजी की टीम ने भी सरगुजा पहुंचकर कमान सम्भाल ली है।

### खास बात

- शहर व कार्यक्रम स्थल हुआ छावनी में तब्दील, चप्पे चप्पे पर कड़ा पहरा


बता दें कि 20 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु सरगुजा आ रही है। राष्ट्रपति मुर्मु पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



लैंडिग करता हेलीकॉप्टर।

हालांकि अब तक राष्ट्रपति के आगमन को लेकर कोई प्रोटोकोल जारी नहीं किया गया है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि वे सुबह 11 बजे वायु सेना के हेलीकॉप्टर से सरगुजा पहुचेंगी और फिर सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीजी कॉलेज मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। इस दौरान वे लगभग एक घंटे तक सरगुजा वासियों के बीच रहेंगी। राष्ट्रपति के आगमन और कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को कैबिनेट मंत्रियों के साथ ही जिले के आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





पुलिसकर्मियों को निर्देश देते अधिकारी।

### दिनभर आसमान में मंडराता रहा हेलीकॉप्टर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के सरगुजा आगमन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। राष्ट्रपति के सुरक्षा की कमान खुद एसपीजी ने संभाल ली है। इस बीच बुधवार को एक बार फिर से गांधी स्टेडियम स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के साथ ही राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने वाले मार्ग को बंद कर ट्रायल रन किया गया। ट्रायल रन के साथ ही वायुसेना का हेलीकॉप्टर दिनभर आसमान में मंडराता रहा। इधर सुरक्षा की दृष्टि से वायु सेना के अधिकारियों द्वारा बताई गई कमियों को दूर कर लिया गया है।

#### तैयार किया गया चरणबद्ध सुरक्षा घेरा

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के आगमन के दौरान शहर में कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए गए है। एडीजी के साथ ही प्रदेशभर से आईपीएस अधिकारियों की टीम सरगुजा पहुंची है जबकि 50 से अधिक राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शहर में लगभग 2 हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है जो शहर के साथ ही कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल, मार्गों और शहर के प्रमुख स्थलों पर चरणबद्ध सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। राष्ट्रपति के काफिले के रूट पर विशेष टीमों की तैनाती, बैरिकेटिंग और रिहर्सल पूरी कर ली गई है। हाईवे और शहर के मुख्य चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स, ट्रैफिक पुलिस और आईटी सेल के जवान तैनात किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए महिला एवं पुरुष पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। पार्किंग स्थानों और प्रवेश-निकास द्वारों पर कड़ी जांच की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

### ये होंगे कार्यक्रम में शामिल

जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के साथ ही राज्यपाल रमेन डेका भी शामिल होंगे। श्री डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार जुएल ओराम, राज्य मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गा दास उइके, राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त एवं प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश चौधरी, पर्यटन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, लोकसभा क्षेत्र सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज, महापौर ननि श्रीमती मंजूषा भगत उपस्थित रहेंगे।

#### इन योजनाओं का करेंगी शुभारंभ

जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रही राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्यमंत्री जनजातीय ग्राम अखरा विकास योजना का शुभारंभ करेंगी। कार्यक्रम में जनजातीय प्रमुखों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय विकास प्रदर्शनी एवं क्राफ्ट मेला लगाया जाएगा। इस दौरान जनजातीय विद्रोहों के नायकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया आपातकालीन नियंत्रण कक्ष नम्बर

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सरगुजा जिला प्रवास के दौरान आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था हेतु टेलीफोनिक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो दौरे की पूरी अवधि के दौरान सक्रिय रहेगा। किसी भी आपात स्थिति में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्सक दल सहित एम्बुलेंस सुविधा, अस्पतालों में ड्यूटी हेतु अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर में हेल्प लाईन नम्बर 6263451884 नोडल अधिकारी डॉ. सन्टुबाघ एवं डॉ. अर्पण सिंह चौहान तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में तत्काल नियंत्रण कक्ष 07774-222098 पर संपर्क नम्बर जारी किया गया है।

### शाला संचालन के समय में किया गया परिवर्तन

बलरामपुर। शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा आदेश जारी कर स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार दो पालियों में संचालित होने वाली कक्षाएं प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 9 बजे से 12.30 बजे तक तथा शनिवार को दोपहर 12.45 से 4.15 बजे तक, इसी क्रम में द्वितीय पाली में संचालित होने वाली कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12.45 बजे से 4.15 बजे तक व शनिवार को सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक संचालित होंगी। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से 4 बजे तक तथा शनिवार को सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक संचालित की जायेंगी।

# नाले में डूबने से दो सगी बहनों की मौत, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांदनी बिहारपुर

ग्राम पंचायत नवगई में आज दोपहर उस समय मातम पसर गया जब एक साथ दो मासूम बहनों की मौत हो गई। दोनों बहने आंगन बाड़ी जाने के लिए निकली थी। इसी बीच अमरूद पेड़ समीप खेलने के दौरान नाले में गिर गई। इधर घटना की जानकारी तब लगी जब बड़ी बहन स्कूल से घर लौटी और दोनों छोटी बहनों को घर में न देख खोजबीन करते नाला के समीप गई तो देखी नाले में दोनों बहने मृत हालत में पड़ी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

- नाला के समीप खेल रही थी दोनों बहने, बड़ी बहन ने दी घटना की सूचना

ग्राम पंचायत नवगई में निवासी राकेश जायसवाल की 4 वर्षीया



पूनम जायसवाल व 3 वर्षीया उर्मिला जायसवाल हर रोज की तरह सुबह 9 बजे आंगनबाड़ी जाने के लिए तैयार होकर निकली थीं। इसी बीच दोपहर में दोनों बहनें नाले के किनारे अमरूद तोड़ने चली गईं। नाला का किनारा फिसलन होने और पानी का बहाव थोड़ा तेज होने की वजह से दोनों बहने अचानक फिसलकर नाले के गहरे हिस्से में जा गिरीं। आसपास में किसी के नहीं होने के कारण दोनों की चीख-पुकार नहीं सुनी। इधर दोपहर लगभग 1.30 बजे बड़ी बहन शांति स्कूल से घर आई और दोनों छोटी बहनों को घर में न देख खोजबीन करने लगी। जैसे ही शांति अमरूद पेड़ के समीप नाला के पास पहुंची तभी वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने नाले के समीप कपड़ा व चप्पल देख अनहोनी की आशंका पर तुरंत नाले में खोजबीन शुरू की। थोड़ी देर बाद दोनों बहनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों और परिजन द्वारा डॉक्टर ⏭ शेष पेज 4 पर

#### नहीं है सुरक्षा व्यवस्था

ग्रामीणों ने बताया कि नाला के समीप पुराना अमरूद पेड़ है जहां बच्चे अक्सर अमरूद तोड़ने तथा खेलते है। झुरहा नाले में हर वर्ष बारिश के मौसम के बाद पानी काफी गहरा हो जाता है, लेकिन नाले के किनारे किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था या चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के किनारे सुरक्षा दीवार, लोहे की रेलिंग और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि भविष्य में बच्चों और ग्रामीणों की जान जोखिम में न पड़े।

# सरगुजा में लैब टेक्नीशियन को बना दिया गया संभागीय नोडल अधिकारी

**अंबिकापुर।** सरगुजा में एक तृतीय वर्ग कर्मचारी लैब टेक्नीशियन को नर्सिंग होम एक्ट का संभागीय नोडल बनाने का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि सरगुजा संभागायुक्त ने स्टाफ नर्स से भी नीचे की रैंक में आने वाले कर्मचारी को क्लास वन अधिकारी की जिम्मेदारी दे दी गई। अब संभागायुक्त के इस आदेश से चिकत्सकों में खासी नाराजगी है वहीं छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी इसपर आपत्ति दर्ज कराई है। बड़ी बात यह है कि वर्तमान में लैब टेक्नीशियन को ही पिछले तीन वर्षों से जिला मलेरिया अधिकारी का प्रभार भी दिया गया है। बताया जा रहा है कि संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने 14 नवम्बर को आदेश जारी कर जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता को नर्सिंग होम एक्ट, पीसीपीएनडीटी एवं मलेरिया का संभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. राजेश गुप्ता ने पीएचडी की डिग्री ली है जबकि मूलरूप से उनकी नियुक्ति लैब टेक्नीशियन के रूप में है। संभागायुक्त के इस आदेश और लैब टेक्नीशियन को फर्स्ट क्लास अधिकारी पद देने से सरगुजा के चिकित्सकों में खासा असंतोष है। बुधवार को संभागायुक्त के इस आदेश की प्रति वायरल हुई जिसके बाद चिकित्सकों में रोष का माहौल है। इस आदेश को लेकर छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन (सीआईडीए) ने तृतीय वर्ग कर्मचारी को संभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर आपत्ति जताई है और कमिश्नर सरगुजा को पत्र लिखकर जांच का निवेदन किया है। सीआईडीए के ⏭ शेष पेज 4 पर

- तृतीय वर्ग कर्मचारी को क्लास वन का पद देने से चिकित्सकों में रोष

#### तीन सालों से मलेरिया का नोडल

बताया जा रहा है कि पूर्व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनिल प्रसाद के सेवानिवृत्त होने के बाद रघुनाथपुर लुण्ड्रा के लैब टेक्नीशियन राजेश गुप्ता को 31 जनवरी 2022 को तत्कालीन सीएमएचओ सरगुजा ने जिला मलेरिया अधिकारी का प्रभारी अधिकारी बनाया था। जब तृतीय श्रेणी कर्मचारी को जिला मलेरिया अधिकारी का देने पर चिकित्सकों ने आपत्ति दर्ज कराई तो संयुक्त संचालक स्वास्थ्य रायपुर ने 2 अगस्त 2023 को राजेश गुप्ता को हटाकर मूल पद पर भेजने का आदेश जारी किया था। राजेश गुप्ता ने इस आदेश के विरूद्ध हाईकोर्ट से स्टे ले लिया था और पद पर बने हुए हैं और अब संभागीय नोडल अधिकारी बनाए जाने से चिकित्सकों में भारी देखी जा रही है।

### अब हुए 79 वर्ष के, दूसरी बार पुनः राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने की लालसा जता रहे पंडो समाज के बसंत

# प्रथम राष्ट्रपति ने 6 वर्षीय बालक को गोद में उठाकर नाम रखा था बसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/सूरजपुर

अविभाजित सरगुजा एक बार फिर इतिहास की उस कड़ी को महसूस करने जा रहा है, जिसने न केवल एक मासूम बच्चे की जिंदगी बदली थी बल्कि पूरे पंडो समाज के दिलों में राष्ट्र के प्रति सम्मान की ज्योति प्रज्वलित की थी,साल था 1952 का जब आजादी के बाद का भारत खुद को नई पहचान दे रहा था,और उसी दौर में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद सरगुजा आए थे,उनके उस आगमन की स्मृति आज भी ग्राम पंडोनगर की धूल भरी पगडंडियों, बुजुर्गों की आंखों और एक इंसान के नाम में रची-बसी है जो बसंत पंडो के नाम से जाने जाते हैं।

ज्ञात हो कि सूरजपुर जिले के ग्राम पंडोनगर की एक सुबह और प्रथम राष्ट्रपति का दौरा कार्यक्रम था,गांव में हलचल,कच्चे घरों की बाड़ियों से झांकते बच्चे और महिलाओं की उत्सुक निगाहें थीं,भीड़ के बीच एक 6 साल का लड़का उत्साहित होकर दौड़ता हुआ प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के पास जा पहुंचा,सुरक्षा में खड़े सिपाही घबरा गए,लेकिन तभी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने मुस्कुराते




हुए उस बच्चे को अपनी गोद में उठा लिया,उस पल के इतिहास ने उस 6 वर्षीय बच्चे को गोलू से बसंत बना दिया था,प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि यह बच्चा वसंत ऋतु की तरह प्रसन्नता और ऊर्जा से भरा हूआ है,इसका नाम बसंत होगा, अब 79 वर्ष के हो चुके बसंत पंडो कहते हैं कि तब से मेरा हर दिन उन्हीं की मुस्कान के साथ शुरू होता है और उसी गोद की गर्माहट आज भी महसूस होती है,73 साल बाद देश की वर्तमान राष्ट्रपति और भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू सरगुजा आ रही हैं,पूरा पंडो समाज उत्साह से भरा हूआ है,लेकिन सबसे ज्यादा भावनात्मक हैं 79 वर्षीय बसंत पंडो,जो मानो अपने जीवन के दूसरे ऐतिहासिक क्षण की प्रतीक्षा कर रहे हों, बसंत पंडो ने बताया कि अगर राष्ट्रपति जी से मिलने का सौभाग्य मिला,तो मैं डॉ राजेंद्र प्रसाद की दी हुई वह याद और पंडो समाज के संघर्ष दोनों उनके सामने रखूंगा,यह मेरे जीवन का दूसरा सबसे बड़ा दिन होगा,ज्ञात हो कि सूरजपुर जिले का ग्राम पंडोनगर वह स्थान है जहां वर्ष 1952 में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने रात्रि विश्राम किया था,उक्त स्थान आज भी राष्ट्रपति भवन के नाम से जाना जाता है,आज भी उस स्थान की दीवारें बयां कहती हैं कि यहां कभी देश का पहला राष्ट्रपति ठहरा था,पंडो समाज लंबे समय से शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार,भूमि अधिकार और सामाजिक उपेक्षा जैसे मुद्दों से जूझ रहा है, पंडो समुदाय को पूरा विश्वास है कि वृद्ध बसंत पंडो की राष्ट्रपति से मुलाकात सिर्फ एक स्मृति नहीं रहेगी,यह प्रशासन को जगाने वाली आवाज बनेगी,अगर राष्ट्रपति जी के सामने पण्डो समाज के मुद्दे रखे जाएंगे,तो पंडो समाज के लिए नई नीतियां,नए अवसर और वास्तविक विकास की राह खुल सकती है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### बच्चों के रचनात्मकता कार्य बनें आकर्षण का केन्द्र



**चरचा कॉलरी।** बाल दिवस के अवसर पर स्वर्गीय पंडित अयोध्या पाण्डेय स्मृति शिक्षण समिति द्वारा संचालित आक्सफोर्ड पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका शिवपुर-चरचा वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद पूनम राकेश शर्मा रहीं। स्कूल संचालक कुंडल पाण्डेय भी मंचासीन रहे। अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा, कल्पनाशक्ति, संस्कार और संवेदनशीलता को पहचानने का अवसर है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग नृत्य, समूह प्रस्तुति और देशभक्ति गीतों से सभी का मन मोह लिया। उत्सव का विशेष आकर्षण फूड फेस्टिवल रहा। इसमें कक्षा पहली से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने घर पर बनाए गए व्यंजनों की स्टॉल लगाई। बच्चों द्वारा तैयार मोमोज, जलेबी, आलू गूंडा, चाट-फुल्की, मैगी, ब्रेड पकोड़ा, चौमिन आदि ने सभी को आकर्षित किया। अभिभावकों ने बच्चों की पाक-कला, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सराहना की।

### रेलवे भूमि हस्तांतरण में हो रही देरी पर पीएम को भेजा पत्र



**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल द्वारा मनेन्द्रगढ़-नागपुर होटल के समीप स्थित रेलवे की परित्यक्त भूमि के हस्तांतरण में लगातार हो रही देरी को लेकर उच्च स्तरीय हस्तक्षेप की मांग की गई है। इस संबंध में उन्होंने 18 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री अमित शाह और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को विस्तृत पत्र प्रेषित किया है। श्री पटेल ने अपने पत्र में बताया कि वर्ष 2018 में रेलवे की लगभग 241.50 वर्गफुट भूमि को भू-माफिया एवं अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया था, तब से लेकर अब तक रेलवे द्वारा इस भूमि के स्थायी हस्तांतरण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बार-बार आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि 9 मई और 27 अगस्त को उनके आवेदनों पर रेलवे प्रशासन द्वारा अंतिम नोटिस तक जारी किए जा चुके हैं, किंतु उसके बावजूद भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। श्री पटेल ने बताया कि रेलवे द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज, अभिलेख, प्रतिवेदन और आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध करा दी गई है, फिर भी संबंधित विभागों द्वारा कोई अंतिम कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके कारण न केवल स्थानीय नागरिक परेशान हैं, बल्कि प्रस्तावित जनसुविधा केन्द्र और विकास कार्य भी अधर में लटके हुए हैं। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित रहने से जनता के हित के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों को पार्किंग, यात्री सुविधाओं, शेल्टर निर्माण और सार्वजनिक उपयोग के कार्यों के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है और रेलवे-नागपुर होटल के पास स्थित यह परित्यक्त भूमि इन आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। श्री पटेल ने प्रधानमंत्री और रेलमंत्री से अपील करते हुए कहा कि वे संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें, ताकि परित्यक्त भूमि का हस्तांतरण शीघ्रता से पूर्ण हो सके और मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में रेलवे से जुड़े विकास कार्यों को गति मिल सके।

---

### कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता तथा छग महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया

# नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

नशा मुक्त भारत के निर्माण की थीम पर आधारित राष्टीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के द्वारा ग्राम पंचायत डोम्हरा में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत डोम्हरा के सरपंच राकेश सिंह कंवर एवं कार्यक्रम अधिकारी परमानंद द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद, भारत माता तथा छग महतारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

शिविर के दौरान कार्यक्रम अधिकारी परमानंद ने स्वयंसेवकों को सात दिनों तक आयोजित होने वाली गतिविधियों जनजागरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास सभाएं आदि की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्टभावना, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है। मुख्य वक्ता के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर सचिदानंद साहू उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्टीय सेवा योजना के महत्व, उससे प्राप्त होने वाले अनुभव एवं जीवन कौशल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार करते हैं, जिन्हें अपनाकर युवा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर जीवन में अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुण विकसित करने का अवसर देता है। उन्होंने अपने पूर्व शिविरों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह शिविर विशेष रूप से यादगार और सार्थक साबित होगा। कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोम्हरा के प्राचार्य रामकृपाल सिंह, पंचायत सचिव डोम्हरा तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा, डॉ. विनीत कुमार पाण्डेय, आशुतोष वर्मा, अजय कुमार साहू, शमीम खान, बालेन्दु सिंह, नितीश कुमार साहू, हिमांशु गुप्ता, मनोज कुमार यादव, अजय जोगी, अमन सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, कौशर अली, नीरज यादव, प्रीतम बैगा, महेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, दिलीप सिंह, विद्या सागर सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## भरतपुर जनपद में नशा-मुक्त जनजागरूकता रैली

**मनेन्द्रगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद पंचायत भरतपुर द्वारा मंगलवार को नगर पंचायत जनकपुर में व्यापक जनजागरूकता रैली एवं जागरूकता समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जनकपुर बस स्टैंड क्षेत्र से किया गया। इसमें काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याओं, पंचायत कर्मियों, विद्यार्थियों तथा ग्रामीणजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराती आगे बढ़ी। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने शराब, तंबाकू, गांजा समेत अन्य मादक पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक नुकसान की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। जगह-जगह पोस्टर, बैनर और प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ाने का संदेश दिया गया। नागरिकों को नशा मुक्त भारत की प्रेरणादायक शपथ भी दिलाई गई। इसमें उपस्थित लोगों ने मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य ने कहा कि नशा समाज और परिवार की जड़ों को कमजोर करता है, इसलिए ऐसी जनजागरूकता गतिविधियां समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता हैं।




## नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिए खेल प्रतियोगिता



**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह जिला एमसीबी के निर्देशानुसार जिले में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति के लिए लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तारतम्य में कार्यक्रम के तहत पुलिस चौकी खोंगापानी द्वारा यमुना प्रसाद शास्त्री स्कूल ग्राउंड में स्थानीय बालकों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी मनेद्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो, चौकी प्रभारी खोंगापानी, खोंगापानी के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं करीब 200 की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आम जनता भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के समापन की बेला में पुलिस अधीक्षक के द्वारा उपस्थित बालकों एवं आम नागरिकों को खेल के प्रति उत्साहित करते हुए खेल का महत्व बताया साथ ही नशा के कुप्रभाव की जानकारी देते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की अपील कर बताया गया कि आसपास में नशा का सामान बेचने वालो की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि नशा के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म कर सके।

---

## शीतलहर से बचाव के लिए जरुरी कदम उठाए जाएं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

जिले में तापमान में तेजी से गिरावट और शीतलहर की संभावित स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

संबंधित दिशा-निर्देशों की प्रति विभागों को उपलब्ध करा दी गई है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थानीय शीतलहर कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिला और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नामांकित किए जाएंगे। शीतलहर से बचाव के संबंध में जनजागृति, स्थानीय प्रसारण माध्यमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग को रैन बसेरा एवं आश्रय गृहों में बिजली, भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बेघर एवं प्रभावित लोगों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित स्थलों में स्थानांतरित किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी। शीतलहर की गंभीर स्थिति में मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जा सकेगा। कक्षाओं को गरम रखने, प्राथमिक उपचार बॉक्स उपलब्ध कराने तथा आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में शीतलहर प्रभावितों के उपचार के लिए विशेष चिकित्सा योजना बनाई जा रही है। दवाइयों का पर्याप्त भंडारण, अलग वार्ड की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वृद्ध, बच्चे, दिव्यांग और महिलाओं के लिए विशेष सावधानियों की व्यवस्था की जा रही है। पंचायत भवनों में शीतलहर से बचाव संबंधी सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। श्रम विभाग को औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों के लिए समय-समय पर कार्य समय समायोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित आश्रय तक पहुंचाने का कार्य लोक निर्माण विभाग और पुलिस विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। परिवहन विभाग को बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड में फर्स्ट ऐड बॉक्स की व्यवस्था व आवश्यकतानुसार परिवहन समय में परिवर्तन का निर्देश दिया गया है। पशुओं के संरक्षण के लिए चारा, दवाइयों एवं आश्रय स्थलों को ढंकने जैसी व्यवस्थाएं पशुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। किसानों को शीतघात से बचाव के उपाय कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं जनजागृति कार्यक्रमों में बताए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों पर नियमित ध्यान रखें, आवश्यक सावधानियां अपनाएं तथा शीतलहर के दौरान जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। गरम भोजन करने तथा घर से बाहर निकलने पर गरम कपड़े का उपयोग करने तथा इस दौरान सर्दी, खांसी, जुकाम, सिर दर्द आदि होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से जरूर जांच, उपचार कराने की अपील की है।

## जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहित पैकरा, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया रहे। अध्यक्षता राजेश सिंह, उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रामप्रताप सिंह मरावी उपाध्यक्ष, जनजातीय गौरव समाज कोरिया तथा वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप उपस्थित रहे। वक्ता के रूप में बाबूलाल मरातो, जिला पंचायत सदस्य सूरजपुर तथा स्थानीय वक्ता विजय सिंह ठाकुर, सचिव सर्व आदिवासी समाज कोरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉलेज प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता बाबूलाल मारतो ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद जनजातीय समुदाय के गौरवशाली इतिहास को समाज में जागृत करने के उद्देश्य से ऐसा आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से जनजातीय जननायकों के योगदान को राष्टीय पहचान मिल रही है। श्री रामप्रताप मरावी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती को गौरव का दिन बताते हुए कहा कि जनजातीय समाज ने हमेशा जल, जंगल, जमीन और प्रकृति की रक्षा के लिए कार्य किया है। पत्रकार उत्तम कश्यप ने कहा कि जब तक हम अपने अतीत को नहीं जानेंगे, तब तक स्वयं को नहीं पहचान पाएंगे। उन्होंने युवाओं को बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि मोहित पैकरा ने जनजातीय नायकों के अमर योगदान को याद करते हुए उनकी विरासत को संरक्षित करने की अपील की। कार्यशाला को आकर्षक और रोचक बनाने के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए गए। तनिषा, अपर्णा, डोलिमा, संजना, साक्षी, नीलम और सुषमा समूह ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला संयोजक श्रीमती जयश्री प्रजापति, सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान ने किया। अतिथियों को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. आशुतोष देउस्कर, भूपेन्द्र सिंह, मो. आरिफ ढेबर, राजकुमार राजवाड़े, सामाजिक कार्यकर्ता नागेश नाथ, नरसिंह राजपूत एवं रितेश सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।




## राज्य स्तरीय सरपंच सम्मेलन में चनवारीडांड सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

अंतरराष्टीय विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित मेफेयर परिसर में राज्य स्तरीय महिला सरपंच स्वच्छता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छता के विभिन्न आयामों पर सक्रिय और उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को इस सम्मेलन में सम्मानित किया गया। सम्मेलन का नेतृत्व माननीय उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने ग्रामीण स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने में महिला सरपंचों की अग्रणी भूमिका को सराहा। इसी क्रम में ग्राम पंचायत चनवारीडांड़ को स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एमसीबी जिले से सम्मेलन में ग्राम पंचायत लालपुर की सरपंच श्रीमती उर्मिला सिंह, बोरीडांड की सरपंच निवेश लकड़ा, चनवारीडांड की सरपंच सोनू सिंह, ग्राम पंचायत कोड़ा की सरपंच सुनीता सिंह, देवाडांड की सरपंच रीता भगत तथा गिद्धमुड़ी की सरपंच सरोज मरपच्ची सहित कुल 200 से अधिक सरपंचों ने सहभागिता की। जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम पंचायत चनवारीडांड ने स्वच्छता के सभी प्रमुख आयामों पर प्रभावी पहल की है।




## कृषि विभाग ने किसानों को किया बीज वितरण

**मानीचौक।** ग्राम मानी में कृषि विभाग द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मानी, सपकरा के किसानों को सरसों व गेहूं बीज का वितरण किया। साथ ही अच्छी उपज करने की जानकारी दी गई।

ग्राम मानी में विगत दिनों बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विभाग द्वारा एनएमईओ योजना के तहत तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को निःशुल्क सरसों बीज का वितरण किया जा रहा है। साथ ही बीज ग्राम योजना अंतर्गत गेहूं बीज 50 प्रतिशत अनुदान मे किसानों को बीज दिया जा रहा है जो कृषि विभाग के विस्तार विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के किसानों बीज उपलब्ध करा रहे है। इसी तारतम्य में विगत दिनों ग्राम मानी पंचायत भवन प्रांगण में सपकरा व मानी के दर्जनों किसानों को सरसों का निःशुल्क बीज वितरण किया गया साथ ही पचास प्रतिशत की छूट में गेहूं का बीज वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती प्रेम कुमारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि तिलहन के रूप में विभाग द्वारा जो सरसों का बीज वितरण किया गया है उसको बोने का अभी उचित समय चल रहा है इसलिए तत्काल सरसों बीज को बो कर अच्छी उपज कमाए और अपना कमाया हुआ शुद्ध तेल को खाएं बाजार से महंगी और मिलावट वाला तेल से बचे।

---

### विद्यार्थियों से सीधे रुबरु हुई कहा- नए सत्र में भी मैरिट में आएं विद्यार्थी

# सुंदरपुर में बालमेले का आयोजन, पहुंची कलेक्टर



आनंद मेले में छात्राओं के साथ कलेक्टर।



पौधरोपण करती कलेक्टर।

**बैकुण्ठपुर।** विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों से छात्रों का सर्वांगीण विकास विकास होता है।

उक्त उद्बोधन कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत दुरस्थ ग्राम सुंदरपुर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में 19 नवंबर को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित आनंद मेला के शुभारंभ अवसर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उक्त विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेले का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में सुंदरपुर के विद्यार्थी राज्य के मेरिट स्थान पर अपनी जगह पक्की करेंगे।

#### कलेक्टर ने स्वयं बनाया चाट

हायर सेकेंडरी स्कूल संदरपुर प्रांगण में आयोजित विशाल बाल मेला के अवलोकन के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने चॉट के स्टाल पर स्वयं चाट बनाने जुट गई और उन्होंने चाट का स्वाद चखा साथ ही अन्य व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हुए एक-एक स्टाल का अवलोकन कर विद्यार्थियों का हौसला अफजाई की। इस कार्यक्रम क शुभारंभ करने कुलेक्टर अपने तय समय पर विद्यालय परिसर पहुंच गई थी।

#### एक पेड मॉ के नाम पौधरोपण

हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर परिसर में आयोजित बाल मेला का शुभारंभ करने के बाद कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जहां बाल मेले में लगे स्टाल का अवलोकन करने के साथ व्यंजनों का स्वाद चखा और विद्यार्थियों के हौसले को बढ़ाया, वहीं परिसर में लगे फूल पौधों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने एक पेड मॉ के नाम विद्यालय परिसर में नारियल का पौधा का रोपण किया।

#### पकोडे से लेकर कटलेट व अन्य व्यंजन

हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर सुंदरपुर में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह के व्यंजन स्वयं तैयार कर स्टाल लगाए गए थे,इनमें पकोड़े, मुंगोड़ी, समोसा,ब्रेड़ चॉप,ईडली, चाट, झालमुरी जैसे व्यंजन स्वयं तैयार कर स्टाल में लगाया था।

## पूर्व पीएम की जयंती पर कांग्रेसजन ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रियदर्शिनी श्रीमती इंदिरा गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि साहस, निर्णायक नेतृत्व और राष्टहित में सर्वोच्च त्याग की प्रतीक थीं। उनके द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय बैंकों का राष्टीयकरण, प्रिवी पर्स की समाप्ति, हरित क्रांति तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम ने भारत को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील दिशा प्रदान की। वक्ताओं ने कहा कि उनका नेतृत्व भारतीय राजनीति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। कठिन परिस्थितियों में भी देश को आगे बढ़ाने का जो साहस और संकल्प इंदिरा गांधी ने दिखाया, वह आज भी देशवासियों को प्रेरणा देता है। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, राजीव गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, बिहारी लाल राजवाड़े, हेमसागर यादव, गणेश राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, रामायण सिंह, वसीम वकील, धीरज सिंह, दीपक गुप्ता, अविनाश पाठक, अंकित गुप्ता, जाग्रत कुर्रे, शहाब अख्तर सिद्दीकी, एसएन मोदी, शिकंदर आशिक, एजाज गुड्डू, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, संजय खलखो आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा आज 20 नवंबर से 22 नवंबर तक किया जा रहा है,स्थानीय गौरी शंकर मंदिर दशहरा प्रांगण स्थित ऑडिटोरियम में उक्त आयोजन किया जा रहा है,अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज गुरुवार 20 नवंबर को प्रातः दस बजे क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह करेंगे,प्रतियोगिता का समापन 22 नवंबर को दोपहर तीन बजे होगा,समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिलासपुर बिरंची दास होंगे,आयोजन में विभिन्न श्रम संघों के प्रतिनिधि,कंपनी स्टेयरिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे,अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों सहित कंपनी मुख्यालय सहित दर्जन भर से अधिक टीमें शिरकत करेंगी।

### स्पोर्ट्स वीक सेलिब्रेशन में हैंडबाल स्पर्धा ने बढ़ाया उत्साह



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में चल रहे स्पोर्ट्स वीक सेलिब्रेशन के तहत हैण्ड बॉल स्पर्धा में बालिका वर्ग के शेक्सपियर हाउस ने आइंस्टीन हाउस को हराकर 2-0 के स्कोर से जीत हासिल किया। हिमांशी तिर्की की कप्तानी बहुत शानदार रही एवं अन्य खिलाड़ी शिवानी साहू, रोजली गुप्ता, अंजली यादव, कनीज फातिमा, इरम जबी एवं मन्तशा फातिमा थी। बालिका वर्ग में टैगोर हाउस ने कलाम हाउस को 3-1 के स्कोर से हराकर जीत हासिल किया। कलाम हाउस में कप्तान कर्मण सिंह, विक्रम यादव, रोहित कुजूर, तनिष्क सिन्हा, विश्वास, जिशान अली, नैतिक गुप्ता एवं अक्षत कुमार थे। प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

### शरारती तत्वों ने मिसाई के लिए रखे धान के ढेर में लगाई आग



**धौरपुर।** मिसाई के लिए खेत के खलिहान में रखे धान की ढेर में शरारती तत्वों ने आग लगा दी जिससे धान की ढेर पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। किसान ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढूंढू अंतर्गत ग्राम सरईडीह निवासी किसान कृष्णा सारथी कुछ दिन पूर्व ही खेत में लगी धान की फसल के तैयार हो जाने पर कटवाया था। धान की मिसाई खेत में ही करने के लिए खलिहान बनाया जहां गत दिन खेत में कटाई के धान को खलिहान में मिसाई करने के लिए रखा था। दूसरे दिन खेत स्थित खलिहान में रखे धान की मिसाई करने के लिए मजदूर लेकर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। मिसाई के लिए रखे धान के ढेर आग से जल जाने से राख हो चुकी थी। किसान के मुताबिक बीती रात ही अज्ञात लोगों ने उसके धान की फसल को आग लगा दिया गया है जिस से पूरा फसल जलकर खाक हो गई। किसान कृष्णा सारथी सहित गांव के सरपंच ने घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाना दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## घंटो शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई

# रूट परिवर्तन होने से लोग रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- आकाशवाणी चौक से मिशन चौक तक लगी रही लम्बी कतारें

शहर के यातायात विभाग द्वारा किए गए रूट बदलाव से शहर के प्रायः सभी मार्गो मे घंटो जाम की स्थिति निर्मित रही। लोग जाम में फंस जाने से काफी परेशान रहे। जबकि अन्य राहगीरों ने शॉर्टकट मार्ग अपनाते नजर आए। एक ओर कुछ बाईपास मार्ग को बंद कर देने तथा दूसरी ओर एक ही मार्ग में चार पहिया वाहनों को डायवर्ट कर देने से वाहनों की लम्बी कतारे लग गई जिससे मार्ग में घंटो जाम की स्थिति बनी रही। इस बीच यातायात को व्यवस्थित करने यातायात कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

दरअसल 20 नवम्बर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में जनजाति गौरव दिवस के समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कार्यक्रम शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से शहर के मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्ग के रूट में दो दिन के लिए परिवर्तन किया है। यातायात विभाग द्वारा घड़ी चौक, देवीगंज रोड व गांधी चौक से आने वाली चार पहिया वाहनों का मार्ग डायवर्ड कर दिया गया था। चार पहिया वाहन आकाशवाणी की ओर से चौपाटी होते हुए जोड़ा पीपल की ओर मार्ग में डायवर्ट कर देने से चौपाटी से लेकर जोड़ा पीपल तक चार पहिया वाहनों की भरमार हो गई जिससे घंटो जाम की स्थिति बनी रही। इस प्रकार की स्थिति रिंग रोड पर भी बनी रही। इसके अलावा शहर के सभी मार्ग में पल-पल जाम की स्थिति निर्मित होती रही वहीं लोग घंटो जाम में फंसे रहे। इस प्रकार की स्थिति दोपहर से ही शुरू हो गई और शाम के बाद शहर की यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सकी। यातायात विभाग द्वारा लोगों को परेशानी न हो इसके लिए रूट में परिवर्तन किया परंतु सड़क किनारे खड़े बेतरतीब वाहन जाम की प्रमुख कारण बनी। हालांकि यातायात विभाग द्वारा मार्ग बहाल करने का प्रयास किया गया परंतु बाइक व चार पहिया वाहन के सड़क किनारे गलत तरीके से खड़ा कर देने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



रिग रोड में जाम में फंसे वाहन।

### शार्ट कट मार्ग भी लगती रही जाम

शहर के हर मार्ग में जाम लगने से लोग वैसे ही परेशान रहे वहीं गली मोहल्लों में भी कई जगह जाम लगती रही। एक ओर शहर के रूट परिवर्तन होने से लोग जाम से छुटकारा पाने के लिए शहर के शॉर्टकट मार्ग की ओर रूख किए लेकिन कुछ मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य होने तथा एक साथ बड़ी संख्या में वाहनों से जाम की निर्मित होने लगी। लोग किसी तरह जल्द से जल्द जाम से बाहर निकलने का प्रयास में जुटे रहे। इस प्रकार की स्थिति दोपहर से शुरू हो गई। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा पहले ही सुरक्षा की दृष्टि से शहर के रूट का निर्धारित कर दिया था।



# छात्राओं ने राज्य स्तरीय लोक नृत्य में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

- राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला की छात्राओं ने जनसंख्या शिक्षा अंतर्गत आयोजित लोक नृत्य प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यह प्रतियोगिता विभिन्न स्तरों पर संपन्न हुई। सर्वप्रथम जिला स्तर पर फिर संभाग स्तर पर प्रथम और वर्तमान में रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा बनाए रखा। छात्राएं प्रथम स्थान पाने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी चयनित हुई है। कस्तूरबा लखनपुर की छात्राएं निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। इस नृत्य का श्रेय अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह को जाता है। उन्होंने न सिर्फ डांस की कोरियोग्राफी की, बल्कि मंच प्रदर्शन सहित विभिन्न विषय वस्तुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। सहयोगी शिक्षिका के रूप में दीप्ति वर्मा एवं तुरंती राजवाड़े सक्रिय रही। छात्राओं की इस उपलब्धि से छात्रावास के स्टाफ एवं छात्राओं में हर्ष का माहौल है।



# ब्लॉक स्तरीय आधार कार्ड फुटबाल स्पर्धा पर जगन्नाथपुर टीम का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- पेनाल्टी शूटआउट एक गोल की बढ़त पर दर्ज की जीत

ब्लॉक स्तरीय आधार कार्ड फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में जगन्नाथपुर और अतोरी के बीच खेला गया जिसमें जगन्नाथपुर की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में एक गोल की बढ़त से जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत 16 टीम ने भाग लिया था।

स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मुकाबला जगन्नाथपुर की टीम एवं अटौरी के टीम के बीच हुआ। दोनों टीम ने निर्धारित समय पर एक-एक गोल से बराबरी पर रहे। निर्धारित समय में हार जीत का फैसला नहीं होने पर पेनल्टी शूटआउट कराया गया जिसमें पांच पांच गोल से दोनों टीम बराबर रहे जिसके बाद पुनः पेनल्टी शूटआउट की गई जिसमें जगन्नाथपुर की टीम एक गोल से बढ़त हासिल कर विजय रही। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। बड़ी संख्या में दर्शकों ने अपने-अपने टीमों का उत्साह बढ़ाने में लगे रहे। मैच से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहन पांडे, खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला देखने दर्शकों की भारी भीड़ थी। विजेता एवं उपविजेता टीम मुख्य अतिथियों ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद कश्यप, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, नंदलाल तिवारी, मनोज जायसवाल, शिव शंकर सिंह, भोलू, अफजल, रहीम खान, जितेंद्र कश्यप, तरुण भौमिक, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अभय जायसवाल, अमन मित्तल, अक्षय गुप्ता, अंकुश वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# बिजली समस्या को लेकर नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर व विद्युत अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगरपालिका क्षेत्र में लंबे समय से चल रही बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश है। इस संबंध में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कलेक्टर तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समस्या निवारण कैंप आयोजित करने की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि शहर के सैकड़ों उपभोक्ता कई महीनों से बिजली से संबंधित समस्याओं से परेशान हैं। कहीं उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल मिल रहे हैं, तो कई लोग नया घरेलू कनेक्शन लेने के लिए महीनों से भटक रहे हैं।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के पोल झुककर गिरने की स्थिति में हैं, वहीं कई जगह तार टूटकर सड़कों पर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। सुशासन तिहार के दौरान भी कई उपभोक्ताओं ने आवेदन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की थी, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय विद्युत कार्यालय से उपभोक्ताओं की समस्याएं लगातार लंबित बनी हुई हैं, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्याओं के निराकरण के लिए अध्यक्ष अग्रवाल ने कलेक्टर तथा कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन देकर बिल शाखा, नए कनेक्शन जारी करने वाले अधिकारी और अन्य सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति में रामानुजगंज में समस्या निवारण कैंप लगाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं की सभी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जा सके।
























न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम - नावापारा प.ह.न. 08

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर प्रसाद पिता रामदास जाति कोईर निवासी ग्राम नावापारा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता मालती उर्फ ननकी का मृत्यु दिनांक 15/03/2015 को ग्राम नावापारा में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने माता मालती उर्फ ननकी का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत नावापारा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/11/25 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)




## विद्यालयों में योग्य प्रशिक्षक के चयन हेतु आवेदन 25 तक

**बलरामपुर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालिकाओं हेतु रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कुल 30 दिवस का आयोजित किया जाना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए योग्य प्रशिक्षक का चयन जिला स्तर पर किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार जो उक्त विद्याओं में दक्ष हो वे निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन भरकर डीईओ एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा, संयुक्त जिला कार्यालय सेमली मोड में 25 नवम्बर सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं।






## खबर संक्षेप

### 400 यूनिट तक मिले बिजली बिल हाफ का लाभ, जारी हो बेरोजगारी भत्ता

**अंबिकापुर।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल में दो सौ यूनिट तक छूट दिए जाने की घोषणा के बाद युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने फिर से 400 यूनिट तक बिजली



बिल हाफ योजना और 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को प्रदेश में लागू किया था लेकिन राजनैतिक द्वेष के कारण इस योजना को बंद किया गया। कांग्रेस ने हर मोर्चे पर विरोध किया जिसके बाद सरकार इस योजना को पुनः चालू कर रही है लेकिन सिर्फ 200 यूनिट तक पर इसका लाभ मिलेगा। हमारी मांग है जनता को पूरा 400 यूनिट तक हॉफ योजना का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही मांग की है कि बेरोजगारी भत्ता जो छात्रों को 2500 प्रतिमाह दिया जा रहा था जिससे छात्रों को आर्थिक मदद मिलती थी इस योजना को भी पुनः प्रारंभ किया जाए।

### चूहा मारने के लिए घर में रखी दवा खाने से मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** घर में चूहों की संख्या बढ़ जाने तथा आए दिन सांप के घर में आने पर ग्रामीण ने चूहा मारने की दवा घर में रखा तो उसे मासूम ने खा लिया। मासूम को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब मासूम के किए उल्टी को मुर्गियों के खा लिया जिससे मुर्गियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत सुवारपारा निवासी श्याम लाल कुछ दिन से घर में चूहों की संख्या अधिक हो जाने तथा आए दिन घर में जहरीले सांप के आने से परेशान था। 17 नवम्बर को चूहा को मारने के लिए दवा लेकर आया और घर के कोने में रख दिया। इसी बीच श्यामलाल का 3 वर्षीय बेटी वाधिका खेलने के दौरान दवा को खाकर सो गई। रात में दो तीन बार उल्टी की जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। सुबह उल्टी को दो मुर्गियों ने खा लिया जिससे दोनों की मौत हो गई। परिजन ने बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर दवा खा लेने की आशंका पर उसे शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### मधुमक्खियों के काटने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। पानी टंकी से मधुमक्खियों का छत्ता हटा रहे ग्रामीण को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धरतीडमर निवासी फूल साय आ. स्व. लंगरा (46 वर्ष) राजमिस्त्री का काम करता था। 8 नवम्बर को ग्राम सिविलदार काम करने गया था। इसी बीच अपने साथियों के साथ पानी टंकी से मधुमक्खियों का छत्ता हटा रहा था तभी उसे मधुमक्खियों ने काट लिया जिससे घायल हो गया। दूसरे दिन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

## निधन

### जमुना प्रसाद गोस्वामी

**अम्बिकापुर।** शहर के सत्तीपारा निवासी जमुना प्रसाद गोस्वामी का 80 वर्ष की आयु में मंगलवार की देर रात निधन हो गया। वे सत्तीपारा पार्षद



विशाल गोस्वामी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज शहर के शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र दीनानाथ गोस्वामी ने दी। वे अपने पीछे दो पुत्र दीनानाथ गोस्वामी, विशाल गोस्वामी, तीन पुत्री शोभा गोस्वामी, मधु गोस्वामी, संध्या गोस्वामी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पेज 1 के शेष...

### नाला में डूबने से दो सगी मासूम...

को बुलाया गया, जहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने दोनों बहनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ एक ही परिवार की दो सगी मासूम बहनों की मौत की जानकारी मिलते ही पूरा नवगई गांव मातम पसर गया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव को पीएम के लिए भेज दिया है। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे एक बड़ी लापरवाही बताया है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस मुद्दे को प्रशासन तक ले जाएंगे। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। दो मासूमों की असमय मौत ने गांव के हर परिवार को हिला दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय किए गए होते तो शायद आज इस प्रकार की घटना नहीं होती।

### सरगुजा में लैब टेक्नीशियन को बना...

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इकबाल हुसैन ने पत्र के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराते हुए लिखा है कि स्वास्थ्य विभाग में संभागीय नोडल अधिकारी का पद पूरी तरह से मेडिकल कैडर हेतु आरक्षित है। इस पद पर लैब टेक्नीशियन की नियुक्त पूरी तरह से विभागीय पात्रता के मापदंडों का उल्लंघन है। विभागीय भर्ती के नियम के अनुसार नोडल अधिकारी की नियुक्ति केवल स्वास्थ्य संचालक कर सकते हैं। कमिश्नर ने अपने आदेश में लैब टेक्नीशियन के आगे डॉक्टर लिखा है यह पात्रता के गलत प्रस्तुतीकरण का संकेत है और जांच का विषय है।

## जनजातीय गौरव दिवस के तहत हुआ कार्यक्रम

# राज्य स्तरीय करम महोत्सव में कलाकारों ने दी पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति





सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार।



मुर्गा लड़ाई का प्रदर्शन करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहर के पीजी कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय करम महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में प्रदेशभर से चयनित नर्तक दलों ने अपनी आदिवासी संस्कृति, सभ्यता का प्रदर्शन किया। इस दौरान कलाकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। मांदर की थाप पर दलों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता देर शाम तक जारी रही। बड़ी बात यह है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले दलों को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

**खास बात**

- विभिन्न दलों के बीच रहा कड़ा मुकाबला

बता दें जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता एवं उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक कला महोत्सव (करम महोत्सव) का आयोजन किया गया है। विकासखंड और जिला स्तर पर हुए आयोजनों में कलाकारों ने प्रस्तुति दी। जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता के बाद प्रदेशभर से टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता एवं उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक कला महोत्सव (करम महोत्सव) के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में किया गया। जनजातीय नर्तक दलों को प्रदर्शन हेतु उचित मंच उपलब्ध कराने व पारंपरिक नृत्य शैली को बढ़ावा देने, सरंक्षण एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष अक्टूबर से नवम्बर माह में शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया जाता रहा है। राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में बस्तर संभाग से 7, सरगुजा संभाग से 6, दुर्ग संभाग से 3, रायपुर संभाग से 2, एवं बिलासपुर संभाग से 4, इस प्रकार कुल 22 जनजातीय नर्तक दल शामिल प्रत्येक नर्तक में 35 से 40 सदस्य हुए। राज्य स्तर पर उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव (करम महोत्सव) में विभिन्न जिलों से कुल 9 नर्तक दल हुए। नृत्य प्रतियोगिता समाचार लिखे जाने तक जारी थी। ऐसे में विजेता दलों का एलान नहीं हो सका।

**पारंपरिक परिधानों में दी प्रस्तुति**

करम महोत्सव प्रतियोगिता के दौरान प्रदेशभर से आए हुए नर्तक दलों में पारम्परिक आदिवासी परिधानों में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने मांदर की थाप और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही नृत्य के बीच मुर्गा लड़ाई सहित अन्य नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान और जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

# उम्र के अंतिम पड़ाव में वृद्धा ने नहीं मानी हार, सब्जी बेचकर कर रही गुजर बसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम बरदरी निवासी 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला मनबसिया अपने अदम्य जज्बे और कठिन संघर्षों के कारण आज कई लोगों के लिए मिसाल बन चुकी हैं। वह अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव में है। जहां इस पड़ाव में अधिकांश लोग चलने-फिरने में असमर्थ हो जाते हैं, वहीं बुजुर्ग महिला हर दिन जीवन से जूझते हुए आगे बढ़ने का हौसला दिखाती है।



जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला कई वर्षों तक रामानुजगंज आकर भीख मांग कर अपना गुजारा करती रही थीं, लेकिन पिछले पांच वर्षों से उनकी चलने-फिरने की क्षमता बहुत कम हो गई है। सीधी खड़ी भी नहीं हो पाती और झुकी हुई कमर तथा एक लकड़ी के सहारे ही चल पाती हैं। बावजूद वह मेहनत करना नहीं छोड़तीं। रोजाना गांव के खेतों से सब्जियां तोड़कर लाती हैं और फिर सब्जी को बेचने के लिए बाजार का रुख करती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि झुकी हुई कमर और कमजोरी के बावजूद वह प्रतिदिन लगभग 8 से 10 किलो सब्जियां उठाकर लाती हैं, जिसमें करेला, बथुआ सहित अन्य मौसमी सब्जियां रहती हैं। आज वह रामानुजगंज बाज़ार में करेला बेचने पहुंची थीं। लोग उन्हें देखकर दंग रह गए। इतनी उम्र और इतनी शारीरिक परेशानी के बावजूद इतना साहस और मेहनत करने की क्षमता कहां से आती है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनका लगभग 40 वर्षीय पुत्र शिवपूजन है जो मानसिक रूप से कमजोर है और पूरी तरह उस पर ही निर्भर है। उसके लिए भोजन और दवा की व्यवस्था अकेले करती हैं। लोगों का कहना है कि बुजुर्ग महिला उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी कठिनाइयों से घबराकर हताश हो जाते हैं। 85 वर्ष की उम्र में भी वह अपनी मेहनत से यह साबित कर रही हैं कि इंसान चाहे तो किसी भी परिस्थिति में संघर्ष करके जीवन का रास्ता बना सकता है। प्रशासन तथा स्थानीय लोगों को भी ऐसी नारी शक्ति की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि उनका जीवन थोड़ा आसान हो सके और उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का अवसर मिले।

### ग्राम रामपुर में ग्रामीण के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रमेश सिंह पिता कंवल साय गोंड की बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है,वाहन स्वामी प्रार्थी रमेश सिंह की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,पुलिस में दर्ज कराए रिपोर्ट में रमेश सिंह ने बताया सोमवार के शाम में वह अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 29 एसी 7015 को अपने घर के बरामदे में खड़ा किया था, दूसरे दिन जब सोकर उठा तो उसकी बाइक मौके पर नहीं थी जिसके बाद उसने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मंत्रियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दौरा व जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियां लगभग पूर्णता की ओर है। इस बीच कार्यक्रम के अंतिम तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को राज्य मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गा दास उइके, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप के साथ कार्यक्रम स्थल पी जी कॉलेज ग्राउंड पहुंचे।

- जनजातीय शिल्पकारों से की मुलाकात

इस दौरान मंच व्यवस्था, अतिथियों एवं आमजनों हेतु बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, स्टॉल, शिल्पग्राम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने यातायात नियंत्रण, पार्किंग, वीआईपी मूवमेंट, मीडिया प्रबंधन, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं आपात सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। सभी मंत्रियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया और शिल्पग्राम का भी अवलोकन किया। सभी ने शिल्प ग्राम में जनजातीय शिल्प कला, परम्परागत जड़ी-बूटियों से इलाज, हथकरघा से बनी साड़ी और कपड़े सहित बांसकला से बनी कलात्मक वस्तुओं का अवलोकन कर तारीफ़ की। इस दौरान सभी मंत्रियों ने आस पास से आए जनजातीय शिल्पकारों एयर कलाकारों से भी मुलाकात की।



**संस्कृति मंत्री ने किया निरीक्षण**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को यह ध्यान देने को कहा कि महामहिम राष्ट्रपति का यह आगमन सरगुजा क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है, इसलिए सभी व्यवस्थाओं को उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक और गरिमापूर्ण रूप से संपन्न हो। मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने इस दौरे को प्रदेश और खासकर सरगुजा के जनजातीय समाज के लिए एक ऐतिहासिक व प्रेरणादायक क्षण बताया, और सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी व सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

# राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में दुर्ग की टीम ने हासिल की जीत

**अंबिकापुर।** सरगुजा में आयोजित दो दिवसीय राज्य जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में दुर्ग की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया है। दुर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में जांजगीर चांपा की टीम को मामूली अंतर से शिकस्त दी। बता दें कि सरगुजा में दो दिवसीय चौथी राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन माउंट लिट्रा जी स्कूल परिसर में किया गया था।

- जांजगीर चांपा की टीम बनी उप विजेता, पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने किया सम्मानित

इस प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 32 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों सहित लगभग 400 खिलाड़ी, कोच, अधिकारी एवं प्रबंधक सम्मिलित हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरगुजा की धरती



प्रतिभाओं से समृद्ध है। यहां आयोजित राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता से नए खिलाड़ी प्रेरित होंगे और यह आयोजन ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में खेलभावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन को विकसित करती हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय जांजगीर-चांपा, तृतीय स्थान संयुक्त टीम रायपुर एवं धमतरी एवं बालिका वर्ग प्रथम दुर्ग, द्वितीय सरगुजा, तृतीय संयुक्त टीम (धमतरी एवं रायपुर) ने हासिल किया। सरगुजा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में हल्की चूक के कारण परिणाम निराशाजनक रहे, परंतु सरगुजा की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दौरान अजय सिंह भंवर बाबा, जेडी अग्रवाल, हेमंत तिवारी, आशीष जायसवाल, विनोद गुप्ता, प्रभाकर उपाध्याय, राजू अग्रवाल, उत्तम सिंह सिसोदिया, प्रतीक दीक्षित, वर्षा अग्रवाल, राधे अग्रवाल, मीना क्रिकेटर, राजेश राठौर, रजत सिंह, प्रियंका पैकरा, प्रज्ञा मिश्रा, प्रिया जायसवाल, रीविका, शशांक तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### एसी बेचने का झांसा देकर व्यापारी से 70 हजार की ठगी

**अम्बिकापुर।** मोमिनपुरा टाबर गली निवासी भट्ठी रोड स्थित एयर कंडीशन का दुकान संचालक इश्तेयाक खान ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। उसके मोबाइल में 14 नवम्बर को अनजान व्यक्ति का फोन आया और उसने दुकान संचालक को 10 एसी बेचने की बात कही। साथ ही योनानता डेकोर के गोदाम जाने तथा कर्मचारी ज्ञान से बात कराया। इधर अनजान व्यक्ति के झांसे में आने तथा उसके भेज क्यूआर कोर्ड में पहले 1 हजार फिर 19 हजार और बाद में 50 हजार रुपए डाल दिया। रुपए डालने के बाद जब पुनः संपर्क किया तो अनजान व्यक्ति का मोबाइल बंद बताया। जब ज्ञान नामक व्यक्ति से बात किया तो वह मुकर गया। युवक ने धोखाधड़ी कर 70 हजार ठग लेने की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### सांसद ने किया गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों का सम्मान

**रजपुरीकला।** सांसद चिन्तामणि महाराज द्वारा आज कार्यालय में उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। सांसद कार्यालय में खिलाड़ी श्रेयस राय और सोनम सिंह ने भेंट की। जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स डिस्कस थ्रो अंडर 17 एवं श्रेयस राय ने रेसलिंग फ्री स्टाइल 69 किग्रा प्रतियोगिता में दोनों



खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर पूरे प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सांसद चिंतामणि महाराज ने दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से प्रदेश व क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी वे निश्चित रूप से शानदार प्रदर्शन करेंगे। सांसद ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

***अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम केवरा निवासी बालेश्वर आ. छोटे लाल (18 वर्ष) 9 नवम्बर को ग्राम पर्री बाइक देने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में मवेशी दौड़ने लगे जिससे बचने के चक्कर में युवक अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क पर गिर गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे भैयाथान अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात घर लेकर आ गए। 18 नवम्बर को युवक घर में गिर गया चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# बाघों की गणना के लिए वन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरगुजा में विशाल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित होकर सरगुजा के अधिकारी कर्मचारियों को बाघों की गणना से संबंधित प्रशिक्षण देने के साथ ही बारीकियां बताई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेंज भर के लगभग 550 वन अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

- दिसम्बर से शुरू होनी है गिनती, एनटीसीए व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों ने बताई बारीकियां

बताया जा रहा है कि दिसम्बर माह से बाघों की गणना का कार्य शुरू होना है। सरगुजा संभाग की बात की जाए तो गुरूघासी दास तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। इस बीच बैकुंठपुर के साथ ही सूरजपुर जिले के लगे हुए जंगलों में बाघ की मौजूदगी भी लगातार बनी रहती है। समय समय पर बाघ अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते है। ऐसे में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा वनमंत्री छग के निर्देशन और प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव) के मार्गदर्शन में स्थित काष्ठागार में अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के अन्तर्गत गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व,अम्बिकापुर द्वारा सरगुजा वृत्त स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) नागपुर से आये बायोलॉजिस्ट अनिल दशहरे, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ प्रतिनिधि उपेन्द्र दुबे एवं पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक मार्गदर्शन दिया। बाघ संरक्षण के प्रति राज्य के प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन फील्ड स्टॉफ को नवीन तकनीकी, मानकों और प्रोटोकॉल की समझ प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी रहा।



इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय बाघ गणना विश्व के सबसे बड़े वन्यजीव निगरानी कार्यक्रमों में से एक है जिसमें भारत के सभी टाईगर रिजर्व एवं संरक्षित क्षेत्रों में बाघों की संख्या व वितरण का वैज्ञानिक आंकलन किया जाता है। इस प्रक्रिया में कैमरा ट्रैपिंग, लाईन ट्रांसेक्ट, हैबिटेट आंकलन और जन सहभागिता जैसे उन्नत विधियों काउपयोग किया जाता है। अखिल भारतीय बाघ गणना देश के बाघ संरक्षण प्रयासों की दिया तय करने और नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026 के बाघ गणना को अधिक सटीक, मानिकीकृत और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव) वृत्त सरगुजा एस. वेंकटचलम, उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व श्रीनिवास तेन्नेटी, डिप्टी डायरेक्टर टाईगर रिजर्व सौरभ सिंह ठाकुर के अलावा सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया वनमंडलों के वनमंडलाधिकारी, टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक, तमोर, पिंगला, सेमरसोत एवं बादलखोल अभ्यारण्य के अधीक्षक, सभी उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी सहित 550 फील्ड शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com





रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411